दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 18 जुलाई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-286

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पूर्व पीएम चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर भाजपा में शामिल

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रहे नीरज शेखर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। शेखर ने भाजपा महासचिव भूपेन्द्र यादव की मौजूदगी में यहां पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और सदन के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने आज सुबह सदन में उनका इस्तीफा मंजूर करने की घोषणा की थी। 50 वर्षीय शेखर ने कल देर शाम भाजपा अध्यक्ष एवं गृह मंत्री अमित शाह से मुलकात कर भाजपा में शामिल होने की इच्छा जताई थी। वह पहले समाजवादी पार्टी के सदस्य के तौर पर उत्तर प्रदेश की बलिया लोकसभा सीट से सांसद रह चुके हैं लेकिन 2014 के आम चुनाव में वह इस सीट से चुनाव हार गए थे। इसके बाद समाजवादी पार्टी ने उन्हें राज्यसभा का सदस्य बनाया था। बताया जाता है कि शेखर हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में बलिया सीट से फिर चुनाव लडऩा चाहते थे जो उनके पिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की परंपरागत सीट रही है, लेकिन समाजवादी पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया जिसके कारण वह नाराज चल रहे थे और उन्होंने पार्टी और राज्यसभा की सदस्यता छोडऩे का फैसला किया।

### पीओके में बाढ़ और बारिश से 28 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में मूसलाधार बारिश और बाढ़ से नीलम घाटी में बड़ी संख्या में मकान और मस्जिदें ध्वस्त हो गईं तथा विभिन्न हादसों में कम से कम 28 लोग मारे गए हैं। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, बादल फटने की घटना में घाटी के लास्वा इलाके में 150 से ज्यादा मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और दर्जनों लोग बाढ़ में बह गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बारिश के कारण आई बाढ़ में दो मस्जिदें पूरी तरह तबाह हो गईं। मोबाइल फोन और इंटरनेट सेवाएं भी बाधित हुई हैं। पकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा कि उसने सोमवार को एक गांव में फंसे 52 लोगों को हेलिकॉप्टर से निकालकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया। अभी भी कई लोग अपने घरों में फंसे हुए हैं और उन्हें बचाने का प्रयास चल रहा है। जिला प्रशासन, आपद प्रबंधन प्राधिकरण और स्थानीय पुलिस क्षेत्र में बचाव अभियान चला रहे हैं। अखबार के अनुसार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में अभियान निदेशक सादुर रहमान कुरैशी ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की है। उन्होंने संख्या में इजाफे की आशंका भी जताई है। उन्होंने कहा कि मरने वालों में 10 इस्लामिक मिशनरी भी शामिल हैं।

### केवीआईसी को 7.03 करोड़ का नया ऑर्डर मिला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नई दिल्ली में कनॉट प्लेस स्थित खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), खादी भवन के प्रमुख स्टोर को ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) से अपने 14,064 कर्मचारियों के लिए खादी गिफ्ट कूपनों के रूप में 7.03 करोड़ रुपये से भी अधिक राशि का ऑर्डर मिला है। ऑयल इंडिया लिमिटेड देश भर में स्थित अपनी यूनिटों में कार्यरत अपने 14,064 कर्मचारियों में से प्रत्येक को 5,000 रुपये के खादी कूपन बतौर उपहार देने पर सहमति जताई है। हालांकि, ये कर्मचारी 5,000 रुपये के कूपन से 6,500 रुपये मूल्य के खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पाद खरीदने में समर्थ होंगे। इन कूपनों को बाकायदा वितरित कर दिया गया है और इनका उपयोग सभी विभागीय विक्रय केन्द्रों पर पूरे साल कभी भी किया जा सकता है। एक अन्य ऑर्डर के तहत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने भी अपने 800 कर्मचारियों के लिए हजार-हजार रुपये के 800 उपहार कूपनों का ऑर्डर दिया है। ये कूपन पहले ही वितरित किए जा चुके हैं और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के कर्मचारी 1,000 रुपये के कूपन से 1,300 रुपये मूल्य के खादी एवं ग्रामोद्योग उद्योग के उत्पाद खरीद सकते हैं। केवीआईसी के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) से इतनी बड़ी संख्या में मिले ऑर्डर से न केवल कारीगरों की आमदनी बढ़ेगी, बल्कि केवीआईसी समूह से हजारों नए कारीगरों के जुड़ने से और ज्यादा रोजगारों का सृजन भी निश्चित तौर पर होगा।

# मनरेगा में मजदूरी 300 रुपए करने और 200 दिन काम देने की मांग



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राज्यसभा में आज ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सुनिश्चित करने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में कम से कम 300 रुपए प्रति दिन मजदूरी तथा साल में कम से कम 200 दिन काम देने की मांग की गयी।

तृणमूल कांग्रेस के मानस रंजन भूईया ने सदन में शून्यकाल के दौरान मनरेगा का मामला उठाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन की यह महत्वपूर्ण है और इस पर सरकार को लगातार ध्यान देना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि देश की सामाजिक आर्थिक परिस्थितियां बदल रही है। इसी के अनुरुप योजना में भी बदलाव किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत कम से कम 300 रुपए प्रति दिन मजदूरी तय होनी चाहिए। इसके अलावा साल में कम से कम 200 दिन काम देना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की हालत में सुधार होगा और लोगों की आर्थिक हालत बेहतर होगी।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की झरना दास वैद्य ने कहा कि महिलाओं को सरकारी नौकरियों और प्रतिष्ठित रोजगारों में कम से कम 50 प्रतिशत आरक्षण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं अधिकतर सेवा क्षेत्रों में काम करती हैं। महिलाओं को ऐसे रोजगार क्षेत्रों में काम मिलता है जो अपेक्षा के रुप से कम प्रतिष्ठित माने जाते हैं। सरकार को इस दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए। कांग्रेस की विप्लव ठाकुर, समाजवादी पार्टी के जया बच्चन और अन्नाद्रमुक की विजिला सत्यानाथन ने भी समर्थन किया।

## अनुसुइया उइके होंगी छत्तीसगढ़ की नई राज्यपाल



**रायपुर (आरएनएस)।** पूर्व राज्यसभा सांसद अनुसुईया उईके छत्तीसगढ़ की नयी राज्यपाल होगीं। बलरामदास टंडन के निधन के बाद से मध्यप्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल छत्तीसगढ़ की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रही थी। अनुसूईया उईके मध्यप्रदेश की पुरानी भाजपा नेता है। वो राज्यसभा सांसद भी रह चुकी है। छिंदवाड़ा की रहने वाला अनुसूईया उईके भाजपा की पुरानी नेता रही है।

10 अप्रैल 1957 को जन्मी अनुसूईया राष्ट्रीय जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष भी रही हैं। अर्थशास्त्र की व्याख्याता रही अनुसूईया शासकीय कांलेज तामिया छिंदवाड़ा में पदस्थ रही। बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया और राजनीति में चली आयी। 1988 में वो मध्यप्रदेश में महिला बाल विकास मंत्री भी रह चुकी है। 1985 से 1990 तक वो दमुआ से विधायक रही हैं।

## वीवीआईपी इलाके में स्थित एसबीआई की बिल्डिंग में आग



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली का वीवीआईपी इलाका माना जाने वाले संसद मार्ग पर बुधवार सुबह बड़ा हादसा हो गया. यहां पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की बिल्डिंग में आग लग गई. बताया जा रहा है कि यह अगा सुबह 8.30 बजे लगी. सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिस और अग्निशमन दल के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए. इस दौरान करीब 12 फायर ब्रिगेड आग पर काबू पा सकीं. इस दौरान आग पर काबू पाने के लिए स्काईलिफ्ट की मदद भी लगी गई. आग इमारत की छठी मंजिल पर लगी. यहां पर बैंक का फॉरेन डिविजन का ऑफिस है. इस दौरान चौंकाने वाली बात यह रही कि बैंक का फायर सेफ्टी इचिप्मेंट काम नहीं कर रहा था.

तीन दिन पहले ही दिल्ली के झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र में एक रबर फैक्ट्री में आग लग गई थी. हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी जिनमें दो महिलाएं भी शामिल थीं. जिस इमारत में आग लगी थी वह चार मंजिल की थी और आग चौथी व तीसरी मंजिल पर लगी थी. इस दौरान आग पर काबू पाने के लिए दस दमकल गाड़ियों को मशक्कत करनी पड़ी थी.

## सीबीआई ने सपा के पूर्व सांसद अतीक अहमद के परिसरों पर छापे मारे



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। सीबीआई ने बाहुबली नेता के कई ठिकानों पर छापे मारे हैं। जानकारी के अनुसार, जांच एजेंसी ने अतीक के इलाहाबाद स्थित घर और दफ्तर पर भी छापेमारी की है। जांच अधिकारी फिलहाल जांच पड़ताल में जुटे हैं। देवरिया जेल कांड के बाद कोर्ट ने आदेश जारी किया था, जिसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ने अतीक के खिलाफ यह कार्रवाई की है। बता दें कि अतीक अहमद को उत्तर प्रदेश से गुजरात के जेल में भेज दिया गया है।

जेल में बंद पूर्व समाजवादी पार्टी के सांसद अतीक अहमद के प्रयागराज स्थित घर और दफ्तर पर बुधवार सुबह केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) छापेमारी करने पहुंची। सीबीआई की चार टीम अतीक अहमद के आफिस और घर पर छापेमारी कर रही हैं। लगभग 40 अधिकारी सर्च अभियान में लगे हैं। अतीक अहमद के चकिया में स्थित आवास, ऑफिस सहित बड़ा ताजिया के पास करीबी रेहान खान के घर पर भी सीबीआई की छापेमारी की कार्रवाई चल रही है।

अतीक के घर और ऑफिस के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। इस दौरान छापेमारी को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए। सीबीआई भारी पुलिस फोर्स और आरएएफ के जवानों के लेकर पहुंची। देवरिया जेल में लखनऊ के कारोबारी मोहित जायसवाल की पिटाई मामले में कोर्ट के आदेश पर यह छापेमारी हो रही है। अतीक पर आरोप है कि उन्होंने अपने गुर्गो से मोहित जायसवाल को अगवा करा लिया था और देवरिया जेल में पिटाई की थी। मोहित जायसवाल की चार कंपनियां भी अतीक और उसके गुर्गों के नाम पर करने का आरोप है।

## द्वारका एक्सप्रेसवे पर एनकाउंटर, 3 को लगी गोली

**» चार मोस्टवांटेड बदमाश गिरफ्तार**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली में पुलिस और बदमाशों के बीच एक बार फिर एनकाउंटर देखने को मिला है। दिल्ली के द्वारका एक्सप्रेसवे पर कल देर रात 2.30 बजे के आसपास चार अपराधियों को पुलिस ने घेरकर गिरफ्त में ले लिया है।

बता दें कि दौलताबाद चौक पर सीआईए पालम विहार के पास पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें तीन बदमाशों को पैर में गोली लगी, जबकि एक बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्त में आए चारों बदमाश सूर्या, संजू, प्रदीप, नीरज मोस्ट वांटेड हैं। इन पर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान में कई लाख के इनाम हैं। पुलिस को इनके पास से तीन पिस्टल और एक रिवाल्वर बरामद हुआ है। साथ ही एक महिंद्रा एक्सयूवी वाइट कलर आरजे 40यूवी0908 भी मिली है।



दिल्ली के विकासपुरी इलाके में दो दिन पहले भी मुठभेड़ हुई थी। इसमें पुलिस ने एक लाख के इनामी दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दोनों अपराधियों को रविवार की रात को गिरफ्तार किया जिनकी पहचान दीपक और राहुल ऊर्फ मक्खी के रूप में की गई। यह मुठभेड़ करीब रविवार रात को हुई। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पहले से मिली सूचना के आधार पर दोनों अपराधियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया था लेकिन उन्होंने पुलिस पर गोली चला दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई और इस दौरान दीपक और राहुल को पैर में 3 गोली मारने के बाद विकासपुरी से पकड़ा गया। फिलहाल दोनों बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## आतंकवाद के लिए दोषी इराकी प्रचारक गिरफ्तार

**ओस्लो।** नार्वे ने इराक-कुर्द मूल के विवादित कट्टरपंथी प्रचारक मुल्ला क्रेकर को गिरफ्तार किया है । आतंकवाद की साजिश के लिए इटली में दोषी ठहराए जाने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है ।

वर्ष 1991 से नार्वे में शरणार्थी के रूप में रहने वाले क्रेकर (63) पर इटली ने रावती शाक्स संगठन चलाने का आरोप लगाया है। रावती शाक्स ऐसा नेटवर्क है जिसके तार कथित तौर पर इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े हैं और इस पर पश्चिमी देशों पर हमले की साजिश रचने का इल्जाम है। क्रेकर का असली नाम नजामुद्दीन अहमद फराज है।

उत्तरी इटली के बोलजाने में एक अदालत ने उसकी गैरमौजूदगी में सोमवार को उसे आतंकवाद की साजिश के लिए 12 साल की सजा सुनायी। पांच अन्य सह- आरोपियों को भी सजा दी गयी ।

## सुशील मोदी से मिले अभिनेता ऋतिक रोशन



**पटना (आरएनएस)।** फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी से मुलाकात कर राज्य में उनकी फिल्म सुपर 30 को कर मुक्त करने के लिए धन्यवाद दिया और इधर मोदी ने भी फिल्म सुपर 30 की सफलता के लिए ऋतिक को बधाई दी। ऋतिक ने ट्विटर पर मोदी संग मुलाकात की तस्वीरों को साझा करते हुए ट्वीट किया, आपसे मिलकर मुझे बहुत प्रेरणा मिली। इस मुलाकात के लिए धन्यवाद।

ऋतिक ने फिल्म सुपर 30 को बिहार में कर मुक्त किए जाने पर भी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी को धन्यवाद दिया। फिल्म सुपर 30 चर्चित संस्थान सुपर 30 के संस्थापक और शिक्षाविद आनंद कुमार की जीवनी पर आधारित है, जिसमें आनंद की भूमिका ऋतिक रोशन ने निभाई है। ऋतिक मंगलवार को अपनी फिल्म के प्रचार के सिलसिले में पटना पहुंचे थे।

मोदी ने भी फिल्म सुपर 30 में बेहतरीन अभिनय करने के ऋतिक को बधाई दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा, आनंद कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देकर बिहार के गौरव को बढ़ाया है। ऐसा विरले ही होता है कि किसी व्यक्ति के जीवन काल में ही उसके अस्तित्व का फिल्मांकन होता है। आनंद कुमार और उनकी संस्था सुपर 30 पर बनी फिल्म गरीब व वंचित समाज के छात्र-छात्राओं को आईआईटी जैसे उत्कृष्ट संस्थान में पढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। फिल्म सुपर 30 बारह जुलाई को रिलीज हुई थी।

## स्पीकर पर छोड़ा बागी विधायकों के इस्तीफे का फैसला

**» कर्नाटक संकट पर सुप्रीम फैसला**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कर्नाटक में 12 दिनों से जारी सियासी उठापटक के बीच बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में बागी विधायकों की अर्जी पर अपना फैसला सुना दिया. कोर्ट ने जेडीएस-कांग्रेस के 15 बागी विधायकों की इस्तीफे पर फैसला स्पीकर पर छोड़ दिया है. चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने कहा कि विधानसभा स्पीकर केआर रमेश कुमार बागी विधायकों के इस्तीफे पर नियम के मुताबिक फैसला करें. इसके लिए कोई डेडलाइन नहीं दी जा रही है. कोर्ट के इस फैसले के बाद मुख्यमंत्री कुमारस्वामी गुरुवार को विधानसभा में विश्वास मत पेश करेंगे.



चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस दीपक गुप्ता और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की बेंच ये फैसला सुनाया. कोर्ट ने ये भी कहा कि बागी विधायक विधानसभा में आने या न आने के लिए स्वतंत्र हैं. लेकिन, उनपर कोई दबाव नहीं डाला जा सकता.

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब नज़रें विधानसभा स्पीकर केआर रमेश कुमार पर हैं. अगर विधानसभा अध्यक्ष इन बागी विधायकों का इस्तीफा स्वीकार कर लेते हैं तो उनकी सरकार उससे पहले ही गिर सकती है.

कोर्ट का फैसला आने के बाद कर्नाटक विधानसभा के स्पीकर केआर रमेश कुमार ने कहा, मैं जो भी फैसला लूंगा, वो संविधान, कोर्ट और लोकपाल के खिलाफ कतई नहीं होगा.

उधर, मुंबई में कर्नाटक के बागी विधायकों गुरुवार को बेंगलुरु नहीं आएंगे. माना जा रहा है कि सभी विधायक मुंबई में ही रहेंगे.

### स्वतंत्र देव सिंह बने यूपी बीजेपी के नए चीफ

**लखनऊ (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी ने योगी सरकार में परिवहन मंत्री का दायित्व संभाल रहे स्वतंत्र देव सिंह को उत्तर प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष चुना है। सिंह महेन्द्र नाथ पांडेय की जगह लेंगे, जिन्होंने केंद्र सरकार में मंत्री बनने के बाद प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था, क्योंकि बीजेपी की एक व्यक्ति-एक पद की नीति के तहत केंद्रीय मंत्री बनने के बाद महेंद्र नाथ पांडे एक साथ यूपी बीजेपी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री नहीं रह सकते थे।

## सोपोर में सुरक्षाबलों से मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकियों के साथ मुठभेड़ की खबर है. जानकारी के मुताबिक, बारामुला के सोपोर में बुधवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो रही है. सेना को यहां दो-तीन आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी. इस इनपुट पर कार्रवाई करते हुए सेना की 22 राष्ट्रीय राइफल्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और सीआरपीएफ ने इलाके में बड़ा तलाशी अभियान शुरू किया. इस कार्रवाई के दौरान ही आतंकियों ने जवानों पर भारी गोलाबारी की. जवाबी कार्रवाई में



जवानों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है. सुरक्षा बलों ने आतंकियों की तलाश में इलाके को घेर लिया है. फिलहाल इलाके में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है. इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है. दो आतंकी छिपे हुए हैं, जिनके साथ मुठभेड़ चल रही है.